Title: Need to construct an over-bridge on the rail line at Nasik, Maharashtra . − Laid.

श्री देविदास पिंगले (नासिक): अध्यक्ष महोदय, मुम्बई से मनमाड, दिल्ली, कलकत्ता जाने वाली रेलवे लाइन पर महाराट्र का नासिक शहर बसा है। वहां एकलहरा औणीक विद्युत केन्द्र तथा किलौस्कर पम्पिंग को जोड़ने वाले रास्ते पर रेल लाइन है। यहां से दिन में करीब 40 जोड़ी रेलगाड़ियों के चलने से बार-बार फाटक बंद हो जाता है, जिससे दोनों तरफ मोटरगाड़ियों का तांता लगा रहता है। इससे यातायात में आम लोगों, कर्मचारियों तथा अधिकारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि उक्त स्थान पर एक ओवरब्रिज तुरंत निर्माण करें।